पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/09510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2024-2026 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

आश्वस्त

वर्ष 27, अंक 258 अप्रैल 2025

जय भीम

जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाता है।

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 27 अंक 258
अप्रैल 2025

आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/09510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी

संरक्षक
सेवाराम खाण्डेगर
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
आयु. सूरज डामोर IAS
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
डॉ. तारा परमार
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली
डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात
डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात
डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.

Peer Review Committee
डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)
प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)
प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)
डॉ. बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1	अपनी बात	डॉ. तारा परमार	3
2	उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध का अध्ययन	डॉ. संगीता तिवारी	4
3	दलित साहित्य की प्रतिनिधि आत्मकथा 'जूठन'	धर्मवीर (शोधार्थी)	6
4	अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के मध्य उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं सामाजित बुद्धिमता : एक अध्ययन	किरन आर्या (शोधार्थी) डॉ. रेनू रावत	8
5	दलित विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित समावेशी नीतियाँ	डॉ. मृदुला शर्मा	11
6	भारत में जातिगत असमानता की आधुनिक मनोवृत्ति	डॉ. महेश जगोठा डॉ. राकेश लाल शाह	13
7	Buddhism and Business Management	- Professor Mukesh Ranga	16
8	Matrix of Self-Assertion : Aesthetic Expressions of Dalit Women Poets	- Dr. Utpal Rakshit	20
9	The Impact of Artificial Intelligence on the Mental Health of Secondary School Students : A Comprehensive Review	- Dr. Swati Srivastava	25

UGC Care Listed Journal
खाते का नाम - आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.- 63040357829
बैंक - भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा- फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

एक प्रति का मूल्य	:	रुपये 20/-
वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 200/-
आजीवन सदस्यता शुल्क	:	रुपये 2,000/-
संरक्षक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 20,000/-

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

अपनी बात

बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलितों के मसीहा, संविधान शिल्पी, समाज वैज्ञानिक, शिक्षा शास्त्री, समाज सुधारक आदि अनेक रूपों में जाने जाते हैं। सामाजिक न्याय पर आधारित आधुनिक भारत के निर्माता भी है।

सामाजिक न्याय की स्थापना उनके जीवन का मुख्य लक्ष्य था। यदि यह कहा जाय कि वे आधुनिक भारत में अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। वे तत्कालीन व आज भी समाज में व्याप्त भेदभाव, शोषण, अन्याय, अत्याचार व उत्पीड़न के विरुद्ध जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे। उनके जीवन और उनके संघर्ष का लेखा–जोखा भारत में सामाजिक न्याय की स्थापना के लिये किया गया संघर्ष इतिहास का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। वे स्वतंत्रता, समानता एवं भ्रातृत्व को सामाजिक न्याय का पर्याय मानते थे। अंतः उनकी दृष्टि में समाज में इनका अभाव सामाजिक अन्याय का द्योतक है। जीवन पर्यन्त जातीय उत्पीड़न, अन्याय, शोषण व भेदभाव से उत्पीड़ित डॉ. अम्बेडकर परम्परागत भारतीय समाज में विद्यमान अन्याय की प्रकृति और उसके कारणों की व्याख्या उपरांत जिस निष्कर्ष पर पहुंचे वे हैं :–

- हिन्दू वैचारिकी, हिन्दू विधान एवं हिन्दू समाज ने व्यक्ति के महत्व को स्वीकार नहीं किया है वरन् इसने वर्ण, जाति को महत्व दिया है, व्यक्ति की अवहेलना की है।
- हिन्दू समाज में सामाजिक न्याय का अभाव है क्योंकि इसका विधान समानता, स्वतंत्रता एवं भाईचारे का निषेध करता है। यह असमानता, दासता और वर्ण जाति भेद पर बल देता है।
- हिन्दू विधान लौकिक नहीं ईश्वरीय है। इसलिये इसमें परिवर्तन की गुंजाइश नहीं है।

सामाजिक न्याय की स्थापना के प्रयास में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने सबसे पहले इन कमियों को दूर करने पर ध्यान दिया। उनका मानना था कि न्यायपूर्ण व्यवस्था न्यायपूर्ण विधान के बिना स्थापित नहीं हो सकती। संविधान के द्वारा उन्होंने न्यायपूर्ण व्यवस्था की आधारशिला रखी जिसके तहत एक तो उन्होंने व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिये आवश्यक उपबन्ध किये और दूसरे जिन वर्गों के साथ सदियों से अन्याय, अत्याचार, उत्पीड़न, शोषण होता रहा है उनकी निर्योग्यताओं को दूर किया।

बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर धर्म की आवश्यकता और महत्व को भली–भांति समझते थे किंतु वे लौकिक आचार को धार्मिक विषय नहीं बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि विश्व के लगभग सभी धर्म कम या अधिक मात्रा में सम्प्रदाय हैं वास्तविक धर्म नहीं। इतिहास साक्षी है कि जहाँ व जब कभी समाज पर धर्म का नियंत्रण रहा, सामाजिक न्याय का अभाव रहा। इसलिये उन्होंने स्वतंत्र भारत को धार्मिक राष्ट्र होने के स्थान पर धर्म निरपेक्ष राष्ट्र बनाये जाने के मत का समर्थन किया। धार्मिक वर्चस्व समाप्त होने से ही सामाजिक न्याय पर आधारित लौकिक विधान के प्रभावी होने की संभावना बलवती होती है।

बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर के विचार अकाट्य व दूरदर्शी हैं। प्रसन्नता की बात है कि आज डॉ. अम्बेडकर को लेकर देश में जो राजनीतिक वातावरण तेज हो रहा है उससे दलित–वंचित–शोषित और पीड़ित अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और महिलाओं के सकल मनोरथ पूरे होंगे तथा संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में न्याय पालिका, विधायिका व कार्यपालिका को सक्रिय और जवाबदेह बनना पड़ेगा, क्योंकि वर्तमान में जो परिस्थितियाँ परिलक्षित हो रही है उसके पीछे मूल में कहीं डॉ. अम्बेडकर का संविधान और लोकतंत्र का जनादेश ही काम कर रहा है।

संविधान में प्रस्तावित नागरिक अधिकारों की अवधारणा का प्रतिपादन भी यही तो कहता है कि–'सबका साथ, सबका विकास' भारत के लोकतंत्र की मजबूरी है, क्योंकि डॉ. अम्बेडकर ने जाति, धर्म, रंगभेद, नस्लभेद और सभी प्रकार के भेद–विभेद की तानाशाही और राष्ट्र तथा राज्य के एकाधिकारवाद को 'एक व्यक्ति एक वोट' के लोक अधिकार से असंभव बना दिया है। जय भीम!

डॉ. अम्बेडकर जयंति की हार्दिक शुभकामना है।

– डॉ. तारा परमार

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध का अध्ययन

– डॉ. संगीता तिवारी

सारांश

शिक्षा द्वारा ही समाज का निर्माण संभव है शिक्षा हमारे वर्तमान को ही नहीं संवारती बल्कि हमारे भविष्य की रूपरेखा तथा दिशा को भी तय करती है एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के द्वारा राष्ट्र का निर्माण संभव है विद्याथिर्यों में आत्मविश्वास जैसे कौशल विकसित कर उसका समाज के लोगों के साथ समायोजन पूर्ण तथा सृजनात्मक रवैया भी विकसित होना चाहिए प्रस्तुत शोध प्रपत्र में शोधार्थी ने ''उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्यनरत छात्र व छात्राओं में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध का अध्ययन के स्तर का अध्ययन'' सर्वेक्षण विधि से किया। भोपाल जिले के शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 400 विद्यार्थियों पर यह शोध किया गया है प्रदत्तों के विश्लेषण के लिए मध्यमान, मानक विचलन तथा टी–टेस्ट के माध्यम से परिकल्पनाओं का परीक्षण कर निष्कर्ष में पाया कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सहसंबंध पाया गया है।

प्रस्तावना

मानव ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास सदियों से कर रहा है परंतु आज भी अंधेरे का क्षेत्रफल ज्ञान के वृत्त से बड़ा है। ज्ञान की आवश्यकता द्वारा ही नई संकल्पनाओं का उदय होता हैं और वर्षों से चली आ रही परंपराओं, नीतियों तथा प्रक्रियाओं को नई दिशा देने की जरूरत प्रतीत होती है।

आत्मविश्वास एक आंतरिक एवं आध्यात्मिक शक्ति है अपनी शक्ति, क्षमता एवं स्वयं की स्वीकार्यता ही आत्मविश्वास है । विद्यार्थी जीवन में आत्मविश्वास का स्थान सदा से ही महत्वपूर्ण रहा है। यह उनमें सकारात्मकता का संचार करता हैं। शैक्षिक उपलब्धि बालक के अनुभव, कौशल, सामाजिक, संज्ञानात्मक एवं शारीरिक क्रियाओं की सफलता की ओर संकेत करता है विद्यार्थी की सफलता उसके कार्य की योजना एवं उपलब्धि से लगाई जा सकती है

अध्ययन की आवश्यकता

नई राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 में विद्यार्थियों के कौशल एवं उपलब्धि पर ध्यान देने की बात कही गई है 6वीं कक्षा से ही तकनीकी, व्यवसायिक एवं कौशलयुक्त पाठ्यक्रम पर बल दिया गया है। पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन में ऐसे अध्ययन, अध्यापन प्रणाली एवं विधियों के विकास को शामिल किया है जिसके तहत पाठ्यक्रम के बोझ को कम करते हुए छात्रों में 21वीं सदी के कौशल के विकास, अनुभव आधारित शिक्षण एवं तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। एन.ई.पी. 2020 में छात्रों के सीखने की प्रगति को नियमित एवं रचनात्मक आकलन द्वारा बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है इसमें विश्लेषण, तार्किक क्षमता एवं सैद्धांतिक स्पष्टता के आकलन को महत्व दिया गया है।

समस्या कथन

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्यनरत छात्र व छात्राओं में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध का अध्ययन

अध्ययन के उद्देश्य

उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्यनरत छात्र व छात्राओं में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध का अध्ययन करना ।

शोध की परिकल्पनाऐं

H_{01} उच्च **माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं ।**

H_{02} शासकीय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं ।

न्यादर्श

भोपाल शहर के उच्च माध्यमिक स्तर के कक्षा नवीं के कुल 400 विद्यार्थियों; छात्र 200 व छात्राएं 200 को यादृच्छिक विधि द्वारा चयनित किया गया है।

प्रदत्तों को संकलित करने हेतु प्रयुक्त उपकरण–

प्रस्तुत शोधकार्य हेतु शोधार्थी ने आत्मविश्वास का स्तर जानने के लिए रेखा गुप्ता एवं शैक्षिक उपलब्धि के लिए ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम का प्रयोग किया गया है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय प्रविधि

प्रपत्र में उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्यनरत छात्र व छात्राओं में आत्मविश्वास तथा शैक्षिक उपलब्धि में सहसंबंध का अध्ययन करने के लिए प्रदत्तों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन तथा टी–टेस्ट का प्रयोग किया गया है।

परिकल्पनाओं की व्याख्या व विश्लेषण

1. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं ।

चर	संख्या विद्यार्थी	मध्यमान	मानक विचलन	सहसंबंध गुणांक	निष्कर्ष
आत्मविश्वास	200	29.84	10.19	–0.46	सार्थक
शैक्षिक उपलब्धि	200	78.13	7.79		

स्वतंत्र के अंश 399, सार्थकता0.05 के स्तर पर 0.098,

उपरोक्त सारणी के अनुसार उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसंबंध की गणना करने पर आत्मविश्वास एवं शैक्षिक उपलब्धिके मध्य ऋणात्मक सहसंबंध गुणांक – 0.46 पाया गया है।

स्वतंत्र अंश 399 के सारणी मान पर सार्थकता 0.05 के स्तर पर 0.098 है प्राप्त ऋणात्मक सहसंबंध का स्तर सारणी के दोनों मानों से अपेक्षाकृत कम है जिससे स्पष्ट होता है कि चरों के मध्य सार्थक एवं दृढ़ ऋणात्मक सहसंबंध है।

उच्च शासकीय माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं।

चर	संख्या विद्यार्थी	मध्यमान	मानक विचलन	सहसंबंध गुणांक	निष्कर्ष
आत्मविश्वास	200	28.78	10.3	–0.45	सार्थक
शैक्षिक उपलब्धि	200	76.47	7.95		

स्वतंत्र के अंश 399, सार्थकता0.05 के स्तर पर .098,

उपरोक्त सारणी के अनुसार शासकीय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसंबंध की गणना करने पर आत्मविश्वास एवं शैक्षिक उपलब्धि के मध्य ऋणात्मक सहसंबंध गुणांक – 0.45 पाया गया है। स्वतंत्र अंश 399 के सारणी मान पर सार्थकता0.05 के स्तर पर 0.098 है प्राप्त ऋणात्मक सहसंबंध का स्तर सारणी के दोनों मानों से अपेक्षाकृत कम है जिससे स्पष्ट होता है कि चरों के मध्य सार्थक एवं दृढ़ ऋणात्मक सहसंबंध है।

निष्कर्ष

1. विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का स्तर बढ़ने पर उनमें शैक्षिक उपलब्धि का स्तर घटेगा अर्थात एक चर के बढ़ने पर दूसरे चर में कमी की पूर्ण संभावना है। परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं। अतः परिकल्पना अस्वीकृत की जाती हैं ।

2. शासकीय विद्यार्थियों के आत्मविश्वास का स्तर बढ़ने पर विद्यार्थियों में शैक्षिक उपलब्धि का स्तर घटेगा अर्थात एक चर के बढ़ने पर दूसरे चर में कमी की पूर्ण संभावना है। परिकल्पना शासकीय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं हैं । अतरू परिकल्पना अस्वीकृत की जाती हैं।

– डॉ. संगीता तिवारी
सहायक प्राध्यापक
आई. ई. एस. शिक्षा संकाय आई.ई.एस
विश्वविद्यालय भोपाल
मोबा. 7509144255

संदर्भ :

- गोपाल कृष्णन कार्तिक 2017 स्टूडेंटस टेकल स्ट्रेस एंड बोर्ड एग्जाम दि टाइम्स ऑफ इंडिया ।
- ब्रेमस् रोड 1970 द मैनुअल ऑगड टू द अल्टीमेट स्टडी मेथड. अमेजन डिजिटल सर्विस ।
- उषा, पी. एण्ड लक्ष्मी (2008), इंफ्लूएंस ऑफ पैरेंटिंग स्टाइल एण्ड सेल्फ कान्फिडेंस ऑन मेंटल हेल्थ ऑफ सेकेंडरी स्कूल पूपिल। जर्नल ऑफ ऑल इंडिया एसोसिएषन फार एजुकेषन रिसर्च, (टवस 20 (1–2))

दलित साहित्य की प्रतिनिधि आत्मकथा 'जूठन'

– **धर्मवीर** (शोधार्थी)

शोध सार – दलित विमर्श में दलित आत्मकथाओं का विशिष्ट स्थान है। इनमें लेखकों ने अपने जीवन के भोगे हुए यथार्थ को प्रस्तुत किया है। दलित साहित्य जीवनवादी साहित्य होता है। इस साहित्य लेखन के केंद्र में दलित समाज और उनका प्रतिरोध है। समाज में दलितों को बुनियादी जरूरतों रोटी, कपड़ा और मकान के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इन आत्मकथाओं में दलित लेखकों ने अपने तमाम कष्टों, उपेक्षाओं और यातनाओं को प्रकट किया है। दलित साहित्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों से प्रभावित है। ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' में दलित जीवन का मर्मान्तक चित्रण किया गया है। इसमें सामाजिक विषमताओं के साथ लेखक का संघर्षपूर्ण जीवन है। दलित वर्ग के संघर्षों, कष्टों और संवेदनाओं का सजीव चित्रण वाल्मीकि जी ने किया है। इस साहित्य में वंचित, उपेक्षित, शोषित दलित जीवन के यथार्थ से साहित्यिक सृजन हुआ है।

बीज शब्द : दलित जीवन, समाज, साहित्य, शिक्षा, अस्पृश्यता, संघर्ष।

मूल आलेख : दलित साहित्याकाश के ज्योतिपुंज ओमप्रकाश वाल्मीकि का नाम सराहनीय हैं। इन्होंने दलित साहित्य की बुनियादी नींव को तैयार करने का कार्य किया। उनकी आत्मकथा 'जूठन' दलित साहित्य की यथार्थ और मर्मांतक अभिव्यक्ति का दस्तावेज है। सर्वप्रथम दलित साहित्य में 'दलित' शब्द की व्याख्या करना समीचीन है। दलित से तात्पर्य है कि जिसे अपने अधिकारों से वंचित रखा गया हो। 'दलित' शब्द का अर्थ है – जिसका दलन और दमन हुआ हो। दलित लेखक कंवल भारती लिखते हैं – "दलित वह है जिस पर अस्पृश्यता का नियम लागू किया गया हो। जिसे कठोर और गंदे काम करने के लिए बाध्य किया गया। वह जिसे शिक्षा से वंचित और स्वतंत्र व्यवसाय करने से मना किया गया हो।"[1] हिंदी में नब्बे के दशक से दलित साहित्य का आविर्भाव माना जाता हैं। दलित साहित्य का उद्भव सर्वप्रथम मराठी साहित्य में हुआ। दलित साहित्य दलित पैंथर से अस्तित्व में आया। दलित पैंथर की स्थापना 1972 में हुई। दलित साहित्य महात्मा ज्योतिबा फूले और डॉ. अम्बेडकर के विचारों से प्रेरित हुआ और दलितों में चेतना जागृत की। दलित साहित्य में सबसे लोकप्रिय विधा आत्मकथा रही है। 'जूठन' ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा है। जिसमें वे अपनी संघर्ष भरी जिंदगी को हमारे सामने प्रस्तुत किया है। 'जूठन' में दुःख–दर्द, पीड़ा, संघर्ष का एक संसार फैला हुआ है। 'जूठन' के प्रकाशन से ही दलित साहित्य का हिंदी जगत में वास्तविक प्रारंभ हुआ। जूठन की कथा अपने आस–पास घटित घटनाओं, सामाजिक व्यवहारों, रीतियों, कुरीतियों और अंधविश्वासों की विश्वसनीय और प्रामाणिक कहानी लगती है।[2] 'जूठन' आत्मकथा को निम्नलिखित आधारों पर समझ सकते हैं–

शिक्षा व्यवस्था : 'जूठन' में पहला पड़ाव शिक्षा व्यवस्था का ही है। लेखक को शिक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता है। सवर्णों द्वारा दलितों को शिक्षा से वंचित करने की हर संभव कोशिश की जाती है। इसमें शिक्षा के प्रति समाज एवं गांव के नकारात्मक रवैये को उजागर किया गया है। आजादी से पहले ईसाई मिशनरियों ने पहले–पहल दलितों के लिए शिक्षा के द्वार खोले, जिसकी वजह से दलितों में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई थी। वाल्मीकि जी लिखते हैं कि "हमारे मोहल्ले में एक ईसाई आते थे। नाम था सेवकराम मसीही । चुहड़ों के बच्चों को घेरकर बैठे रहते थे। पढ़ना– लिखना सिखाते थे। सरकारी स्कूल में तो

कोई घुसने नहीं देता था।"[3] कहा जा सकता है कि दलितों की स्थिति में सुधार ईसाई मिशनरियों की वजह से आया। लेखक के पिताजी उनको सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। स्कूल में हेडमास्टर वाल्मीकि को दलित होने के कारण झाड़ू बनवाकर स्कूल की सफाई करवाते थे। सभी का व्यवहार दलितों के प्रति नकारात्मक रहा। दलित होने के कारण लेखक को रसायन विज्ञान की प्रायोगिक में फेल कर दिया जाता है। उसके बाद वे अध्ययन के लिए बरला से देहरादून जाते है। यह उनकी चेतना निर्माण का निर्णायक दौर रहा। डॉ. अम्बेडकर ने दलित चेतना और प्रगति का मुख्य आधार शिक्षा को माना है। शिक्षा ही व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागृत करती है और जीवन संघर्ष में दृढ़ता से साथ देती है।

जातिगत भेदभाव : 'जातिगत भेदभाव' देश की अनूठी समस्या है। अमानवीयता इसका गुण है और शोषण इसका उद्देश्य। वाल्मीकि जी जातिगत भेदभाव का खुला वर्णन करते हैं। दलित जाति में जन्म होने के कारण यातनामय जीवन व्यतीत करना पड़ा। वाल्मीकि जी अपने मित्र के साथ मास्टर बृजलाल के घर उनके लिए गेहूं लाने जाते है। उनका ठीक से आदर सत्कार होता है किंतु जैसे ही उनके चूहड़ा होने का पता चलता है तो मेहमान नवाजी करने वाले ही गालियों की बौछार करते हुए हाथापाई पर उतर आते है। अंबरनाथ में प्रशिक्षण के दौरान ओमप्रकाश की मि. कुलकर्णी से अच्छी बनती है किंतु यहाँ भी कुलकर्णी परिवार समझ बैठा था की ओमप्रकाश वाल्मीकि ब्राह्मण है। कुलकर्णी के घर में कांबले के लिए अलग से चाय का कप। जाति से दलित होने के कारण वाल्मीकि जी स्कूल में हैण्डपम्प से पानी नहीं पी सकते थे। इसी कारण स्कूल में शिक्षकों और सवर्णों द्वारा शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना सहनी पड़ती थी। एक बार वाल्मीकि जी पत्नी के साथ राजस्थान भ्रमण से वाया दिल्ली–चंद्रपुर (महाराष्ट्र) पिंकसिटी एक्सप्रेस से लौट रहे थे। "पास की एक सीट पर संभ्रांत परिवार बैठा था। उनसे पत्नी की वार्तालाप होती है। इसके बीच जाति का सवाल पूछा जाता है। वाल्मीकि जी ने उत्तर दिया, 'भंगी'। 'भंगी' शब्द सुनते ही सन्नाटा छा गया।"[4] रास्ते भर दोनों परिवारों में कोई संवाद नहीं हुआ। जाति वह विष है, जो इंसान के मन में नफरत पैदा करता है और एक दूसरे को संदेह की निगाह से देखना आरंभ करती है। जाति का पता चलने से पूर्व सारे इंसान और उनके व्यवहार सहज–सरल है किंतु जाति का पता चलते ही, वे दो गुटों में विभाजित होते हैं।

अस्पृश्यता और परिवेश : 'जूठन' में अस्पृश्यता की समस्या भी देखने को मिलती है। वे लिखते हैं "अस्पृश्यता का ऐसा माहौल कि कुत्ते–बिल्ली, गाय–भैंस को छूना बुरा नहीं था लेकिन यदि चुहड़ें का स्पर्श हो जाए तो पाप लग जाता था।"[5] दलितों को सामाजिक स्तर पर इंसानी दर्जा नहीं था। दलितों के लिए स्कूल में पीने के पानी और कुलकर्णी के घर चाय के लिए अलग से व्यवस्था इंसानियत पर प्रश्न चिह्न खड़ा कर रही हैं। उनका बचपन बड़े ही विभत्स माहौल में बीता – 'चारों तरफ गंदगी भरी होती थी। ऐसी दुर्गंध कि मिनट भर में साँस घुट जाए। तंग गलियों में घूमते सूअर, नंग–धड़क बच्चे, कुत्ते, रोजमर्रा के झगड़े बस, यह था वह वातावरण जिसमें बचपन बीता। इस माहौल में यदि वर्ण–व्यवस्था को आदर्श व्यवस्था कहने वालों को दो–चार दिन रहना पड़ जाए तो उनकी राय बदल जाएगी।[6] शिक्षा के प्रति उदासीन समाज को चित्रित किया है। स्कूल में मनुवादी अध्यापकों के रवैये को दिखाया है। जीवन की सुख–सुविधा और तमाम नागरिक सहूलियतों से वंचित दलित जीवन की त्रासदी उनके व्यक्तिगत वजूद से लेकर घर–परिवार, बस्ती और सामाजिक व्यवस्था तक फैली हुई है।

अंधविश्वास और रूढ़ियाँ : लेखक जिस समाज और परिवेश से हैं, वहाँ के लोग अज्ञानी और अंध श्रद्धालु है। उनके यहाँ पर हर समस्या का समाधान ताबीज या पशु–बलि माना जाता था। "भूत–प्रेत की छायाओं के प्रति पूरी बस्ती में अजीब माहौल था। जरा भी किसी की तबीयत खराब होती तो डॉक्टर के बजाय

किसी भगत को बुलाया जाता था।[7] लेखक एक बार बीमार थे। उनकी दवा – दारु चल रही थी। रिश्तेदार द्वारा ओवरा बताने पर उसका चिल्ला कर विरोध किया। उनका चिल्लाना अंधविश्वास पर गहरी चोट है। उन्होंने शादी के समय सूअर की बलि और सलाम प्रथा का विरोध किया। इसके संदर्भ में लेखक के पिता कहते हैं– 'तुम्हें पढ़ाना सफल हो गया।' वे समाज में व्याप्त गलत धारणाओं का खुलकर विरोध करते हैं।

निष्कर्ष : हम कह सकते हैं कि ओमप्रकाश वाल्मीकि जी ने जाति– उत्पीड़न का जीवंत चित्रण अपनी आत्मकथा के माध्यम से प्रस्तुत किया हैं। भारतीय समाज के यथार्थ को चित्रित किया है। मनुष्य– मनुष्य के बीच नफरत घृणा एवं भेदभाव को मिटाना है तो समाज में समानता और बंधुत्व की भावना को जागृत करना होगा। मानवतावादी समाज का निर्माण करना दलित साहित्य का उद्देश्य है। 'जूठन' के लेखक के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। दलित समाज के उत्थान के लिए शिक्षा ही महत्वपूर्ण हथियार है।

– **धर्मवीर,** (शोधार्थी)
हिंदी विभाग,
हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
मो. – 8332907096

संदर्भ :

1. डॉ. अमरनाथ, हिंदी आलोचना की पारिभाषिक शब्दावली, राजकमल प्र., नई दिल्ली, सं. 2018, पृ. 173
2. शिवबाबू मिश्र, जूठन : एक विमर्श (संपादित), शब्द सृष्टि, नई दिल्ली, भूमिका
3. ओमप्रकाश वाल्मीकि, जूठन (पहला खंड), राधाकृष्ण प्र., नई दिल्ली, पृ. 2
4. वही, पृ.162
5. वही, पृ.12
6. वही, पृ.11
7. वही, पृ. 37

अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के मध्य उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं सामाजिक बुद्धिमता : एक अध्ययन

– **किरन आर्या**[1] (शोधार्थी)
– **डॉ. रेनू रावत**[2]

सारांश – प्रस्तुत शोध अध्ययन में उत्तराखंड के जनपद नैनीताल के स्नातक स्तर में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा व सामाजिक बुद्धिमत्ता का अध्ययन किया गया है। सर्वेक्षण विधि से स्नातक स्तर में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के 100 (छात्र 50, छात्राएं 50) को यादृच्छिक विधि द्वारा चुना गया है। सांख्यिकीय परिगणना में टी परीक्षण द्वारा निष्कर्ष में छात्र एवं छात्राओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा व सामाजिक बुद्धिमत्ता में सार्थक अन्तर पाया गया। छात्रों में सामाजिक बुद्धिमत्ता व उपलब्धि अभिप्रेरणा अधिक पायी गयी। जिन बच्चों की उपलब्धि अभिप्रेरणा उच्च पाई गई, उनमें सामाजिक बुद्धिमत्ता का स्तर भी उच्च पाया गया है। जो एक सकारात्मक सहसम्बध को दर्शाता है।

शब्द कुंजी – अनुसूचित जाति, उपलब्धि अभिप्रेरणा, सामाजिक बुद्धिमत्ता, सहसम्बध ।

प्रस्तावना – शिक्षा संज्ञान, भाव और कियात्मकता के अलावा अपने अधिकारों को जानने व सही गलत में अंतर करना भी सिखाती है। अनुसूचित जातियों का प्राचीन समय से शोषित, उत्पीडित और अस्पृश्यता का इतिहास रहा है। भारतीय संविधान ने इन्हें सभी उत्पीडन से मुक्त कर एक समान सामाजिक धारा में लाने का प्रयास किया। डॉ. भीम राव आंबेडकर, ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई जैसे महान लोगो ने अनुसूचित समुदाय के लोगो को समाज में समान अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किये, जिनके हम हमेशा ऋणी रहेंगे। शिक्षा समाज में अपना अस्तित्व बनाने के लिए मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने का प्रयास उपलब्धि के रूप में जाना जाता है। उपलब्धि अभिप्रेरणा

अर्थात ऐसे अभिप्रेरण, जिनसे प्रेरित होकर व्यक्ति अपने कार्य को सही तरीके से करके अधिकतम सफलता प्राप्त करता है। इनमें जन्मजात व अर्जित अभिप्रेरकों को जिम्मेदार माना जाता है। सामाजिक परिवेश से व्यक्ति इन्हें आत्मसात कर उपलब्धि के लिए प्रेरित होता है। इनमें अधिगम मुख्य तत्व है जो सभी प्रकार की क्रियाओं को सीखने में संयोजी कड़ी का कार्य करता है। समाज मानवीय गुणों का दर्पण होता है, जहां बच्चे मानवीय क्रियाएं, आचरण, सामाजिक सुरक्षा और आत्मसिद्धि के गुणों को सीखते हैं। व्यक्ति समाज में रहकर मानवीय संबंध बनाता है जिससे सामाजिक बुद्धिमत्ता का विकास होता है। जो समाज में व्यक्ति की एक अलग पहचान बनाने में सहायक होते हैं। समाज में रहने के लिए सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करना आवश्यक होता है। 1920 में मनोवैज्ञानिक एडवर्ड थार्नडाइक ने सामाजिक बुद्धि को व्यक्ति के समझने और मानवीय संबंधों को समझ के साथ कार्य करने की क्षमता के रूप में माना। जो संज्ञानात्मक व व्यावहारिक दोनों पक्षों से संबंधित है। चड्ढा व गणेशन (1986) सामाजिक बुद्धि परीक्षण के अनुसार सामाजिक बुद्धि में धैर्य, सहयोग, आत्मविश्वास, संवेदनशीलता, सामाजिक वातावरण की पहचान, व्यवहार कुशलता, हास्यास्पद कौशलता, स्मृति आयामों द्वारा व्यक्ति अपनी सामाजिक बुद्धि बढ़ाने में सफल हो सकता है।

आवश्यकता एवं महत्व – समाज में संतुलन बनाए रखने का प्रयास करना मानव की जिम्मेदारी है। सामाजिक बुद्धिमत्ता अंर्तक्रिया व संबंध बनाने में सहायक होती है। उपलब्धि अभिप्रेरणा अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने व समाज में अपना अस्तित्व बनाने का ज्ञान कराती है। अनुसूचित समुदाय की समाज में अपनी चुनौतियाँ होती है जो सामाजिक, व्यावहारिक व आर्थिक पक्षों से संबंधित होती है। ऐसे में शिक्षा एक आधारशिला है जो समानता व सामाजिक गतिशीलता के साथ सामाजिक विकास कर सकती है। ऐसे में अनुसूचित जाति के बच्चों में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बुद्धिमत्ता व उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर जानना बहुत आवश्यक है। **भारद्वाज और शर्मा (2021)** ने विद्यार्थियों के मध्य सामाजिक बुद्धिमत्ता, संवेगात्मक बुद्धि और समायोजन के अध्ययन में लिंग के आधार पर विद्यार्थियों के मध्य सार्थक अंतर पाया गया। **राणा (2022)** ने किशोर बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि पर उनकी उपलब्धि अभिप्रेरणा का अध्ययन में सरकारी विद्यालयों के बच्चों बालक और बालिकाओं के मध्य उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया। **सुसवांडी** व **अन्य (2023)** ने भावात्मक बुधिमत्ता, अधिगम अभिप्रेरणा और शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सम्बन्धों में भावात्मक बुधिमत्ता को सीखने की प्रेरणा में प्रभावी पाया।

उद्देश्य –

1. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा, सामाजिक बुद्धिमत्ता व सहसंबंध का अध्ययन करना।

शोध परिसीमन –

शोध के निष्कर्ष केवल नैनीताल जनपद के स्नातक स्तरीय अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों तक सीमित है।

परिकल्पना –

1. अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

2. अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं की सामाजिक बुद्धि में कोई अंतर नहीं है।

3. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा एवंम सामाजिक बुद्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नही है।

जनसंख्या व न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में जनपद नैनीताल के स्नातक स्तर में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं को जनसंख्या के रूप में लिया है। यादृच्छिक शोध विधि द्वारा 100 विद्यार्थियों (50 छात्र 50 छात्राओं) का चयन किया गया।

शोध उपकरण –

1. उपलब्धि अभिप्रेरणा (देवो एवं मोहन द्वारा निर्मित)

2. सामाजिक बुद्धिमत्ता स्केल (डॉ. चड्ढा एवं गणेशन द्वारा निर्मित)

क्र.सं	चर	संख्या	लिंग	मध्यमान	मानक विचलन	टी मान	स्वतंत्रता अंश	सार्थकता स्तर(.05)
1	उपलब्धि अभिप्रेरणा	50	छात्र	208.9	14.7	44.86		सार्थक
		50	छात्राएं	105.6	7.00			
2	सामाजिक बुद्धिमता	50	छात्र	210	9.89	6.478	98	सार्थक
		50	छात्राएं	198	7.0			
3	सहसंबंध	100	पियर्सन सहसंबंध गुणांक r = 0.4					सार्थक

तालिका संख्या-01

सांख्यिकीय विधि – प्रस्तुत शोध में आंकड़ों के सांख्यिकी विश्लेषण हेतु टी परीक्षण का विवरण –

परिकल्पना –

1. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।

उपरोक्त तालिका में सार्थकता स्तर 0.5, (df–98) पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा स्तर सांख्यिकीय परिगणना टी मान से अधिक पाया गया। जिस आधार पर उपरोक्त परिकल्पना निरस्त की जाती है।

2. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धिमत्ता में कोई सार्थक अंतर नहीं होता है।

उपरोक्त तालिका में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के सामाजिक बुद्धिमत्ता स्तर में विद्यार्थियों के सांख्यिकीय परिगणना टी मान से अधिक है। अतः उपरोक्त परिकल्पना निरस्त की जाती है।

3. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं सामाजिक बुद्धि के मध्य कोई सार्थक सम्बन्ध नही है।

विद्यार्थियों के उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं सामाजिक बुद्धिमत्ता के मध्य धनात्मक सार्थक सहसम्बध पाया गया है जो यह दर्शाता है कि सामाजिक बुद्धि के बढ़ने पर उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर भी बढता है।

निष्कर्ष – शोध परिकल्पना का सांख्यिकी परीक्षण करने पर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर पाया गया है। व्यक्तिगत भिन्नता के कारण समाज में प्रत्येक व्यक्ति के अपने निर्धारित उद्देश्य, लक्ष्य अलग–अलग होते हैं। अर्थात महिला एवं पुरुष में उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर भिन्न होता है। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धिमत्ता में सार्थक अन्तर पाया गया है। हमारा परिवेश, वातावरण, लिंग, समाज, समायोजन, तथा संबंधों को स्थापित करना आदि सामाजिक बुद्धि को विकसित करने का कार्य करता है। छात्राओं को पारिवारिक पृष्ठभूमि, संरक्षण, सुरक्षा व अन्य पितृसत्तात्मक परिधि में रहने के कारण सामाजीकरण का अवसर कम मिल पाता है। जो व्यक्तिगत भिन्नता के अलावा छात्राओं में सामाजिक बुद्धिमत्ता कम होने का कारण बन सकता है।

– किरन आर्या[1]
Mob. 9720633586
– डॉ. रेनू रावत[2]
1. पी. एच. डी. (शिक्षाशास्त्र), एम.बी. जी.पी.जी. कॉलेज हल्द्वानी, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल(उत्तराखंड)
2. असिस्टेंट प्रोफेसर, एम. बी. जी. पी. जी. महाविद्यालय, हल्द्वानी

संदर्भ :
1. Arya, K- (2022), उच्च माध्यमिक स्तर में अध्ययन विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मूल्य एवं सामाजिक बुद्धि के मध्य सहसंबंध का अध्ययनI JARESM peer reviewed journal 7647 vol- 10, issue 8, ISSN - 24556211
2. Arya, K- (2025) उच्चतर माध्यमिक स्तर में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का उनके उपलब्धि अभिप्रेरणा के सन्दर्भ में अध्ययन IJFMR UGC Refereed Journal (peer reviewed) multidisciplinary journal vol-7 issue-1, January & February 2025, ISSN-2582-2160, doi: 10-36948/ijfmr-2025-v07i01-37473 www-ijfmr-com

दलित विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मे उल्लेखित समावेशी नीतियाँ

– डॉ. मृदुला शर्मा

शोध सारांश

प्रस्तुत शोध भारतीय दलित जातियो की शैक्षिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सामाजिक और आर्थिक वंचित समूह (SEDGs) के विद्यार्थियों को समान रूप से सर्वोच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु किए गए प्रावधानों का वर्णन प्रस्तुत करता है। हालाँकि देश में दलितों की साक्षरता दर में वृद्धि हुई है, लेकिन उनके हितों की रक्षा के लिए कोई विधायी उपाय नहीं हो पाये हैं। अतः एनईपी 2020 का लक्ष्य देश के सामग्र विकास के लिए समाज के सभी वर्गों की अनिवार्य शैक्षिक आवश्यकताओं को समान रूप से पूर्ण करना है।

बीज शब्द–अनुसूचित जाति, शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शैक्षिक स्थिति, प्रावधान।

प्रस्तावना –

विश्व के लगभग सभी देशों के समक्ष उनके समस्त नागरिको तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच एक बड़ी चुनौती के रूप मे रही है। भारत में, महिलाएं, अल्पसंख्यक, एससी और एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी, ईडब्ल्यूएस जैसे कई वंचित समूह, शिक्षा के क्षेत्र में आज भी पिछडे हुए हैं। शिक्षा सामाजिक न्याय और समानता प्राप्त करने का एकमात्र प्रभावी साधन है। भारत के संविधान में परिकल्पित समावेशी और बहुलतावादी समाज का निर्माण गुणवत्तापूर्ण समावेशी शिक्षा द्वारा ही संभव है।

भारत में लगभग 201.4 मिलियन व्यक्ति अनुसूचित जाति से संबंधित है। 2011 की जनगणना के अनुसार ये कुल जनसंख्या का 16.63% है। 2011 मे अनुसूचित जाति की साक्षरता दर 66.1 प्रतिशत थी। लेकिन इसी अवधि में राष्ट्रीय साक्षरता दर 73.0 प्रतिशत थी। आजादी के पश्चात भारत की शैक्षिक व्यवस्था को सुधारने और शिक्षा तक सब की पहुंच बढ़ाने के लिए कई शिक्षा नीतियां आई। लेकिन वे सभी दलितों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने और सामाजिक समानता लाने के प्रयास मे प्रायः असफल ही रही । मानव विकास सूचकांको से ज्ञात होता है कि भारत में आज भी अनुसूचित जातियां सामाजिक आर्थिक स्तर के सबसे निचले स्तर पर हैं। गरीबी, सामाजिक रीति–रिवाज, प्रथाओं और भाषा सहित विभिन्न कारकों से प्रभावित होने के कारण दलित वर्ग स्कूलों तक पहुंचने में असमर्थ है। शैक्षिक संसाधनों के उपयोग में ये सामान्यतः गैर दलितों से पीछे हैं। द इंडिया गवर्न्न्स रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट कहती है कि प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वालों में लगभग आधे दलित होते हैं।

शोध उद्देश्य

नई शिक्षा नीति 2020 में दलित विद्यार्थियों हेतु किए गए शैक्षिक प्रावधानो का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध आलेख मे तथ्यों का संकलन द्वितीयक स्रोतों जैसे सरकारी स्रोत, पुस्तकों, पत्रिकाओं, लेखों, शोध पत्रों, ब्लॉगों और वेबसाइटो के माध्यम से किया गया है।

नई शिक्षा नीति 2020 में दलित विद्यार्थियों हेतु किए गए शैक्षिक प्रावधान

भारत सरकार द्वारा 2015 में वैश्विक शिक्षा विकास एजेंडा 2030 के लक्ष्य 'विश्व में 2030 तक सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों में वृद्धि किए जाने को अपनाया गया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत मे सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली को पुनर्गठित करने हेतु नई शिक्षा नीति 2020 की संकल्पना की गई। इस नीति का मुख्य उद्देश्य 2040 तक भारत के

समस्त सामाजिक और आर्थिक वंचित समूह (SEDGs) से संबंधित विद्यार्थियों को समान रूप से सर्वोच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध करवाना है। एसईडीजी समूह में दलित वर्ग भी सम्मिलित है। इनके शैक्षिक विकास के लिए नई शिक्षा नीति में निम्न प्रावधान किए गए हैं–

1. ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या कम करना और सभी स्तरों पर शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना (भाग एक, बिंदु 3)–खंड 3.5 मे यह नीति एसईडीजी समूह पर विशेष ध्यान देते हुए विद्यार्थियों को सीखने में मदद करने के लिए स्कूली शिक्षा के दायरे को व्यापक बनाने पर जोर देती है। जिससे इन समुदायों के बच्चों को औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षित होने के विभिन्न मार्ग उपलब्ध हो सके। दलित परिवारों के विद्यार्थियों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और रुचि बनाए रखने के लिए मजबूत चैनल और स्थानीय भाषा मे शिक्षा पर विशेष बल भी दिया गया है।

2. समतामूलक और समावेशी शिक्षा सभी के लिए अधिगम (भाग एक, बिंदु 6)–खंड 6.2 में कहा गया है कि कक्षा 1 से 12 तक विद्यार्थी नामांकन के गिरावट मे सर्वाधिक प्रतिशत एसईडीजी का है (विशेषतः महिलाऐ)। उच्च शिक्षा में इन समूहों के विद्यार्थी नामांकन में गिरावट और अधिक है। यूडीआईएसई 2016–17 के आंकड़ों अनुसार प्राथमिक स्तर पर लगभग 19.6 प्रतिशत विद्यार्थी अनुसूचित जाति के हैं लेकिन उच्च माध्यमिक स्तर पर यह प्रतिशत कम होकर 17.3 रह गया। अतः अनुसूचित जातियों के बच्चों की विद्यालय शिक्षा तक पहुंच, सहभागिता और अधिगम परिणाम में सामाजिक श्रेणी के अंतरालों को दूर करना एन ई पी 2020 के प्रमुख लक्ष्यो में से एक होगा। खंड 6. 4 मे एसईडीजी के लिए लक्षित छात्रवृत्ति, माता – पिता द्वारा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सशर्त नकद हस्तांतरण, परिवहन के लिए साइकिल प्रदान करना आदि नीतियों और योजनाओं के बारे में उल्लेख है। खंड 6.19 के अनुसार स्कूल शिक्षा प्रणाली के सभी प्रतिभागियों को सभी छात्रों की आवश्यकताओं, समावेशन और समानता की धारणाओं, व्यक्ति सम्मान, प्रतिष्ठा और निजता के प्रति संवेदनशील बनना होगा। शिक्षक शिक्षा मे भी समावेशन और समानता को एक प्रमुख पहलू बनाया जाएगा। इसी के साथ एसईडीजी समूह में से उच्चतर गुणवत्ता युक्त शिक्षक और नेतृत्व कर्ताओं का अधिक से अधिक चयन कर, विद्यार्थियों के समक्ष उत्कृष्ट रोल मॉडल स्थापित करने होंगे।

3. सीखने के लिए अनुकूल वातावरण व छात्रों को सहयोग (भाग 2 बिंदु 12)– खंड 12.4 में कहा गया है कि एसईडीजी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है इसीलिए उन्हें प्रोत्साहन और समर्थन की आवश्यकता है। इस दिशा में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को उच्च–गुणवत्ता वाले सहायता केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता होगी और इसे प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए पर्याप्त धन और शैक्षणिक संसाधन दिए जाएंगे। सभी छात्रों के लिए पेशेवर शैक्षणिक और कैरियर परामर्श भी उपलब्ध होगें । खंड 12.10 निर्दिष्ट करता है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अन्य एसईडीजी से संबंधित छात्रों की योग्यता को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस दिशा में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों की प्रगति को समर्थन, बढ़ावा देने और ट्रैक करने के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल का विस्तार किया जाएगा।

4. उच्चतर शिक्षा में समता और समावेशन (भाग 2, बिंदु 14) – सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की शिक्षा में आने वाले अवरोधों, चुनौतियों को समाप्त करने के लिए यह शिक्षा नीति सरकारों और उच्च शिक्षण संस्थाओं को दिशा–निर्देश भी प्रदान करती है जिसमें उनकी शिक्षा के लिए समुचित सरकारी

निधि का निर्धारण, उच्च गुणवत्ता युक्त उच्चतर शिक्षण संस्थाओं का निर्माण, विशेष शिक्षा क्षेत्र निर्माण, उच्च शिक्षण संस्थानों में वित्तीय सहायता, छात्रवृत्ति के प्रति जागरूकता, समावेशी प्रवेश प्रक्रियाएं, समावेशी पाठ्यक्रम, स्थानीय भाषा या द्विभाषी अध्ययन, ब्रिज पाठ्यक्रम, भेदभाव उत्पीड़न के खिलाफ कठोर नियम पालना आदि सम्मिलित हैं।

शोध निष्कर्ष

राष्ट्र के विकास में सभी को साथ लेकर चलना भारत सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। इसीलिए एन ई पी 2020 सामाजिक–आर्थिक रूप से वंचित समूहों से संबंधित छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत करते हुए संबंधित समस्याओं का निराकरण प्रस्तुत करती है। दलित वर्ग अपनी परिस्थितिजन्य बाधाओ के बावजूद भी शिक्षा प्राप्त कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन व योगदान देश के लिए कर सकें, इसकी योजना स्पष्ट

– डॉ मृदुला शर्मा
असिस्टेंट प्रोफेसर (शिक्षा विभाग)
श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय,
हनुमानगढ़ (राजस्थान) मो.नं. 9636899575

संदर्भ :

राघवेंद्र, आर. एच.(2020) – लिटरेसी एंड हेल्थ स्टेटस ऑफ शेड्यूल्ड कास्ट इन इंडिया । कंटेंपरेरी वॉइस आफ दलित, सेज पब्लिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, 12 (1), 97–110

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार ।

सोनी, ए.(2023)। एनईपी 2020 में वंचित समूहों (एसईडीजी) के लिए प्रावधान – इंडियन जर्नल ऑफ रिसर्च इन एंथ्रोपोलॉजी DOI : 10-21088/ijra-2454-9118-9223-1

www-ugc-gov-in

http://www-education-gov-in

भारत में जातिगत असमानता की आधुनिक मनोवृत्ति

– डॉ. महेश जगोठा
– डॉ. राकेश लाल शाह

परिचय – विषमता या असमानता की समस्या मानवीय समाज में प्राचीन काल से ही रही है। प्राचीनकाल में राजनीति विज्ञान के पिता कहे जाने वाले अरस्तु ने जहां विषमता की अनुभूति के कारण राज्यों में विद्रोह की स्थिति को उजागर किया है, वहीं दूसरी तरफ राज्य व समाज की संरचना में अरस्तू के द्वारा स्त्री बच्चों व दासों को नागरिकता से वंचित कर दास प्रथा का सामाजिक व्यवस्था के लिए अनिवार्यतः समर्थन किया गया।[1] विषमता या असमानता से संबंधित भाव का जहां प्राचीन काल में सीमित नागरिकता, महिलाओं को कमजोर मानकर उनको पुरूषों से कमतर अधिकार देने जैसे तमाम उदाहरण देखने को मिले है। वहीं मध्यकाल में धर्म की सर्वोच्चता राजतंत्र व सामंतवाद की प्रभुता के चलते पोप, राजा, राजा के मंत्री, सामंत सरदारों को ही विशेषाधिकार प्राप्त थे बाकी अन्य सभी इनके चाकर ही थे, जबकि आधुनिक काल में अमेरिकी स्वतंत्रता (1776) व फ्रांसिसी क्रांति (1789) से पहले तक समाज में धन संपदा मान–मर्यादा तथा शक्ति की विषमताओं को स्वाभाविक और अटल व्यवस्था के रूप स्वीकार किया जाता रहा, अमेरिका की स्वतंत्रता व उसके संविधान में समानता के अधिकारो के प्रादुर्भाव के बाद भले ही पूरे विश्व के साथ – साथ भारत ने भी अपने संविधान में समानता के अधिकार को अपने नागरिकों को दिया है परंतु पुराने परंपरागत भारतीय समाज में जिसमें ब्राहमण (ज्ञान) क्षत्रिय (प्रतिक्षा) वैश्य (संपत्ति) और शूद्र (श्रम) के उत्तरदायित्वों के साथ जोड़े गए थे में श्रम और सामाजिक जुड़ाव को लेकर जो नीति नियम बने उन्होंने भारतीय समाज में एक असमानता से पूर्ण सामाजिक संस्कृति को इस कदर स्थापित कर दिया,

